NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्षः 05, अंकः-92, पृष्ठः 12 | मंगलवार, 07 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# 'कोई अफसोस नहीं, सब ऊपर वाले ने कराया'

## सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील का चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर ने कहा है कि वह सीजेआई की टिप्पणी से आहत हैं और उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस या पछतावा नहीं है। वकील राकेश किशोर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब भी सनातन धर्म से जुड़े मामले आते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ऐसे ही आदेश देता है। सीजेआई पर जूता उछालने की कोशिश के बाद आरोपी वकील राकेश किशोर को निलंबित कर दिया गया है। वकील राकेश किशोर ने कहा 'मैं आहत था...मैं कोई नशे में नहीं था। ये उनकी कार्रवाई पर मेरी प्रतिक्रिया थी। न तो मैं डरा हुआ हूं और न ही मुझे अपने किए पर कोई अफसोस है। 16 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश की अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश ने इसका मजाक उड़ाते हुए कहा - जाओ और मूर्ति से प्रार्थना करो और उससे ही अपना सिर वापस लगाने के लिए कहो....। जब हमारे सनातन धर्म से जुड़ा कोई मामला आता है, तो सर्वोच्च न्यायालय ऐसे आदेश देता है। याचिकाकर्ता को राहत नहीं देनी मत दीजिए, लेकिन उसका मजाक भी न उड़ाएं।'



न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ अपनी कार्रवाई को लेकर निलंबित वकील ने कहा कि 'इतने उच्च संवैधानिक पद पर बैठने वाले सीजेआई को भी सोचना चाहिए। उन्हें 'माई लॉर्ड' शब्द के मतलब को समझना चाहिए और इसकी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। आप मॉरीशस जाते हैं तो वहां कहते हैं कि देश बुलडोजर से नहीं चलेगा। मैं सीजेआई से पूछना चाहता हूं कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ योगी जी की कार्रवाई गलत है? मैं आहत हूं और आगे भी आहत ही रहूंगा।' वकील राकेश किशोर ने दलित सीजेआई पर जूता उछालने को लेकर हो रही आलोचनाओं पर कहा कि 'मेरा नाम राकेश किशोर है, क्या कोई मेरी जाति बता सकता है? हो सकता है कि मैं भी दलित हूं।

सीजेआई बीआर गवई एक दलित हैं और यह एक पक्ष है और इसका फायदा लेने की कोशिश हो रही है। लेकिन वे दलित नहीं हैं। वे पहले सनातनी हिंदू थे, बाद में उन्होंने अपनी आस्था बदल ली और बौद्ध धर्म का पालन करने लगे। अब वे दलित कैसे हैं? ये सिर्फ सोच की बात है।'



## इटावा में बिगड़ी बच्चे की तबीयत, अलीगढ़ में रोकी ट्रेन, मौत पर हंगामा

**अलीगढ़।** कामाख्या स्पेशल ट्रेन में सवार एक साल के बच्चे की इटावा के पास अचानक तबीयत खराब हो गई। पिता ने रेलवे स्टाफ को सूचना दी लेकिन ट्रेन नहीं रोकी गई। अलीगढ़ में ट्रेन रोककर बच्चे को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। यहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही ट्रेन में सवार परिजनों व यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

## लखनऊ में एक्सीडेंट में भाई-बहन की दर्दनाक मौत

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे भीषण हादसा हो गया। यहां ट्रैक्टर-ट्राली ने सामने से आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। मौजूद लोग परेशान परिजनों को ढांढस बंधाते रहे।

हादसा ठाकुरगंज क्षेत्र के रिंग रोड इलाके में हुआ। न्यू हैदरगंज निवासी श्वेता (23) तड़के कैम्पवेल रोड पर टहलने गई थी। कुछ देर बाद भाई अतुल (21) उन्हें लेने पहुंचा। दोनों बाइक से लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में संजय होटल के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मूल रूप से मलिहाबाद इलाके के रहने वाले प्रापर्टी डीलर सतीश अपनी ससुराल न्यू हैदरगंज में ससुर ईश्वरदीन, पत्नी सुमन और बेटे अतुल व बेटी श्वेता के साथ रहते थे। श्वेता बी फार्मा की छात्रा थी। अतुल हाईस्कूल की पढ़ाई करने के बाद पिता के कारोबार में हाथ बंटाता था। बेटा-बेटी की मौत से परिवार के लोग टूट गए।



# केदारनाथ-बद्रीनाथ में बर्फबारी

## हेमकुंड साहिब में 2-3 इंच स्नोफॉल; पंजाब-हरियाणा में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ।

केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को भारी बारिश-बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में अगले 2 दिन बारिश और बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। इधर, पंजाब-हरियाणा के लिए तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में अगले 36 घंटों तक लगातार बारिश हो सकती है। पंजाब के आठ जिलों पठानकोट, गुरदासपुर, जालंधर, लुधियाना और फिरोजपुर में बारिश होगी। हरियाणा के अंबाला, पंचकुला, कैथल, करनाल और हिसार समेत कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि 8 अक्टूबर के आसपास मौसम साफ हो जाएगा।

उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर राजस्थान के पूर्वी जिलों में आज (मंगलवार) भी रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, ?मंगलवार को 9 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। 8 अक्टूबर से प्रदेश में मौसम ड्राय होगा और आसमान साफ रहेगा। उधर, मंगलवार को भी जयपुर के कई इलाकों में सुबह-सुबह बूंदाबांदी हुई।

बिहार में मौसम विभाग ने मंगलवार को बिहार के 23 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बारिश के साथ-साथ तेज हवा चलने की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक, अगले 48 घंटे में एक बार फिर प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं, रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। अक्टूबर के बाद से बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है

### सिरप से बच्चों की मौत

## सीबीआई जांच को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में कफ सिरप कोल्ड्रिफ पीने से 16 बच्चों की मौत के मामले एसआईटी जांच के बाद अब सीबीआई जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है।एक वकील द्वारा दायर जनहित याचिका में दूषित कफ सिरप के निर्माण, विनियमन, परीक्षण और वितरण की सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच और पूछताछ की मांग की गई है।

अब तक की कार्रवाई में कफ सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत मामले में डॉ. प्रवीन सोनी को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि प्रवीण ने ही ज्यादातर बच्चों को ये कफ सिरप लिखा था। साथ ही कफ सिरप बनाने वाली कंपनी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को निलंबित किया और ड्रग कंट्रोलर का तबादला कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने जांच के लिए 12 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन और राज्य के उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और आईएएस अधिकारी ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## हाईवे पर पलटी श्रद्धालुओं की बस, 21 घायल

**बहराइच।** मंगलवार की तड़के श्रद्धालुओं की बस हादसे का शिकार हो गई। इसमें 21 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को बस से बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पांच की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी लोग मनौना धाम से दर्शन करके घर लौट रहे थे।

हादसा मोतीपुर थाना क्षेत्र में नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर जनता ढाबा के पास सुबह करीब 5 बजे हुआ। बस में सवार 21 श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मोतीपुर पहुंचाया गया। बस को सड़क किनारे कराया। उधर, सीएचसी पर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि बस में करीब 70 श्रद्धालु सवार थे। ज्यादातर लोग श्रावस्ती के रहने वाले हैं। चालक को झपकी आने से हादसा होना बताया जा रहा है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है।



## मैथिली ठाकुर का सियासत में उतरने का इशारा

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। चुनावों के लिए कौन सी पार्टी किस दावेदार के साथ उतरेगी ये तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे ही एक दावे की चर्चा लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर को लेकर भी चल रही है। दावा किया जा रहा है कि मैथिली ठाकुर 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। मैथिली की बीजेपी के नेताओं से मुलाकात के बाद इस तरह की चर्चा होने लगी है। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान उनके पिता भी साथ में थे। वहीं, जबलपुर पहुंची भक्ति गायिका मैथिली ठाकुर ने अपने चुनाव लड़ने की खबरों पर कहा, ?मैं भी टीवी पर ये सब देख रही हूं। हाल ही में मैं बिहार गई थी और मुझे नित्यानंद राय और विनोद तावड़े से मिलने का मौका मिला। हमने बिहार के भविष्य पर चर्चा की। अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। देखते हैं क्या होता है।

## इटली में भीषण सड़क हादसा, 4 भारतीयों की हुई मौत

**रोम।** दक्षिणी इटली के मटेरा शहर में एक सड़क दुर्घटना में 4 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। रोम स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी है। इटली की समाचार एजेंसी एएनएसए ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसा उस वक्त हुआ था जब कार एग्री घाटी के मटेरा शहर के स्कैनजानो जोनिको नगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रक से टकरा गई थी।




समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की पहचान 34 वर्षीय मनोज कुमार, 33 वर्षीय सुरजीत सिंह, 31 वर्षीय हरविंदर सिंह और 20 वर्षीय जसकरण सिंह के रूप में की गई है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय दूतावास दक्षिणी इटली के मटेरा में एक सड़क दुर्घटना में 4 भारतीय नागरिकों की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करता है।

भारतीय दूतावास ने कहा, हम विवरण प्राप्त करने के लिए स्थानीय इतालवी अधिकारियों के संपर्क में हैं। दूतावास संबंधित परिवारों को हर संभव कांसुलर सहायता प्रदान करेगा। एएनएसए ने बताया कि 5 घायलों को पोलिकोरो (माटेरा) के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जबकि छठे और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पोटेंजा के सैन कार्लो अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

## पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस में बम धमाका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस को एक बार फिर बनाया गया निशाना। ट्रेन को टारगेट करते हुए बम धमाका किया गया है। धमाके की वजह से ट्रेन पटरी से उतर गई जिसमें 7 लोग घायल हुए हैं। बम धमाके की जिम्मेदारी बलूच विद्रोही समूह बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने जिम्मेदारी ली है। जिस वक्त ट्रेन को निशाना बनाया गया उस वक्त वह पेशावर की ओर जा रही थी। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी निशाना बनाया गया था और इस ट्रेन को हाईजैक कर लिया गया था। सुरक्षाबलों ने की इलाके की घेराबंदी



जानकारीके मुताबिक, बम धमाके के बाद सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। पटरियों की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया है। क्वेटा और पेशावर के बीच चलने वाली जाफर एक्सप्रेस को हाल के महीनों में बार-बार निशाना बनाया गया है। इससे पहले 7 अगस्त को बलूचिस्तान के सिबी रेलवे स्टेशन के पास रेलगाड़ी बाल-बाल बच गई थी, जहां पटरी के पास रखा गया बम रेलगाड़ी के गुजरने के तुरंत बाद फट गया था। एक अन्य घटना में 4 अगस्त को कोलपुर के पास बंदूकधारियों ने इंजन को टारगेट करते हुए फायरिंग की थी। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 07 अक्टूबर, 2025


# धवल चांदनी में बांकेबिहारी ने महारास की मुद्रा में दिए दर्शन

एनएनआई

**वृंदावन।** शरद पूर्णिमा पर ठाकुर बांकेबिहारी ने शरद पूर्णिमा पर ठाकुर बांकेबिहारी ने महारास की मुद्रा में रास रासेश्वर के रूप में मुरली बजाते हुए भक्तों को दर्शन दिए वह आल्हादित हो गए।

वर्ष में एक दिन ठाकुर बांकेबिहारी शरद पूर्णिमा पर मुरली बजाते हुए भक्तों को दर्शन देते हैं। सोमवार को आराध्य की एक झलक पाने को भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर के जगमोहन में श्वेत परिवेश में सिंहासन पर विराजे आराध्य बांकेबिहारी ने मुरली बजाते हुए भक्तों को दर्शन देकर मुग्ध कर दिया। शरद पूर्णिमा पर सोमवार की सुबह मोर-मुकट, कटि-काछनी, लकुटी और अधरों पर मुरली बजाते स्वर्ण-रजत सिंहासन पर विराजे ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन कर भक्त निहाल हो गए। आराध्य की इस अनुपम झांकी के दर्शन को देश दुनिया से आए श्रद्धालु भक्तों का सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी।



## खास पोशाक और श्रृंगार ने मोह लिया मन

शाम को चंद्रमा की धवल चांदनी में श्वेत पोशाक व सुनहरा श्रृंगार कर वंशी धारण किए आराध्य बांकेबिहारी की झांकी को देखा तो भक्त एकटक निहारते रह गए और स्वयं धन्य मान हाथ उठाकर जयघोष करने लगे। मंदिर परिसर बांकेबिहारी के जयकारों से गूंजने लगा। मंदिर परिसर श्वेत परदे सहित सफेद रंग के ही गुब्बारे से ऐसा सजा, मानो चंद्रमा की धवल चांदनी के बीच श्वेतांबर में बैठ भगवान बांकेबिहारी भक्तों को दर्शन दे रहे हों। भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर दर्शन के लिए आगे बढ़ रही थी।

शरदपूर्णिमा पर तीर्थनगरी के हर मंदिर में चंद्रमा की धवल चांदनी में आराध्य ने भक्तों को दर्शन दिए। सप्तदेवालयों में शामिल राधारमण, राधादामोदर, राधाश्यामसुंदर, गोविंददेव, गोपीनाथ, मदनमोहन के अलावा रंगजी मंदिर, इस्कान, प्रेममंदिर में भी शरद उत्सव पर ठाकुरजी ने श्वेतांबर में भक्तों को दर्शन दिए।




**मंदिर में वन-वे रास्ते से हुई भक्तों की एंट्री**

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रबंधन ने मंदिर में वन-वे एंट्री व्यवस्था लागू कर दी। वीआईपी रोड, दाऊजी मंदिर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को गेट संख्या दो से प्रवेश मिला, तो विद्यापीठ, किशोरपुरा, पुलिस चौकी के रास्ते आने वाले श्रद्धालुओं को गेट संख्या तीन से मंदिर में प्रवेश मिला। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को गेट संख्या एक व चार से बाहर निकाला गया।

**भोग में अर्पित किया चंद्रकला व खीर**

शरद पूर्णिमा पर ठाकुर बांकेबिहारीजी को राजभोग और शयनभोग में विशेष रूप से चंद्रकला और खीर का प्रसाद अर्पित किया गया। ठाकुरजी का भोग लगाने के बाद सेवायतों ने चंद्रकला और खीर का प्रसाद भक्तों को बांटा।



## हिमाचल के राज्यपाल ने बांकेबिहारी के दर्शन किए, कहा- गलियारा बने तो मिलेगी सुविधा

एनएनआई

**वृंदावन।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचे। मंदिर में आराध्य के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने कहा आज शरद पूर्णिमा पर ठाकुरजी जगमोहन में दर्शन दे रहे हैं, मैं खुद नहीं आया। बल्कि ठाकुर बांकेबिहारीजी ने खुद ही मुझे यहां बुलाया है। राज्यपाल ने मंदिर गलियारा को सरकार की श्रेष्ठ योजना बताया।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सोमवार को शरद पूर्णिमा पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला दोपहर करीब बारह बजे दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में पहुंचे राज्यपाल ने आराध्य बांकेबिहारीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। दर्शन के बाद राज्यपाल शुक्ला ने कहा ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन को मैं आया नहीं बल्कि स्वयं उन्होंने मुझे बुला लिया। आज उनकी अद्भुत कृपा हुई कि जगमोहन में दर्शन दिए। ब्रजभूमि में सरकार पुनरुद्धार के कार्य कर रही है। मंदिर गलियारा बनाया जा रहा है। ये प्रसन्नता का विषय है। ठाकुर बांकेबिहारीजी की महिमा पूरी दुनिया में है। वे पूरी दुनिया के मालिक हैं और विश्व की रक्षा करें, यही मैं उनसे चाहता हूं। भारतभूमि पर बांकेबिहारी अपनी कृपा बनाए रखें, यही कामना ठाकुरजी के सामने की है। मैं अभी कुल्लू में दशहरा उत्सव शुरू करके आया हूं और बांकेबिहारीजी की शरण में ही आया हूं।

## हाथरस में युवती ने सुसाइड किया, जांच में जुटी पुलिस




**हाथरस एनएनआई।** चंदपा क्षेत्र में एक युवती ने सोमवार शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह गांव पत्ती गढ़ी के ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद की 22 वर्षीय बेटी रमजानो थी। रमजानो ने अपने कमरे में बल्ली से रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। शाम को जब परिजन घर लौटे, तो उन्होंने उसे इस हालत में पाया। मौके पर भीड़ लग गई। कुछ लोगों ने इसकी सूचना इलाका पुलिस को दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### एनकाउंटर के बाद फिरोजाबाद पुलिस में बड़ा फेरबदल

## कई थानों के प्रभार बदले, अहम भूमिका निभाने वालों को नई जिम्मेदारी

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** दो करोड़ रुपए की लूट के मुख्य आरोपी और 50,000 रुपए के इनामी बदमाश नरेश पंडित के एनकाउंटर के बाद फिरोजाबाद पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने रविवार को यह आदेश जारी किए, जिसमें कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इस फेरबदल में एनकाउंटर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। आरोपी नरेश के एनकाउंटर में अहम भूमिका निभाने वाले एसओजी प्रभारी अमित तोमर को अब थाना पचोखरा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पूरे ऑपरेशन की निगरानी करने वाले सीओ शिकोहाबाद प्रवीण कुमार तिवारी को सीओ सिटी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सीओ सिटी अरुण कुमार चौरसिया को सीओ शिकोहाबाद नियुक्त किया गया है।

चंचल त्यागी को सीओ सदर का



प्रभार दिया गया है। थानाध्यक्ष स्तर पर भी कई बदलाव किए गए हैं। पचोखरा की थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा को थाना नगला सिंघी का प्रभार मिला है। नगला सिंघी के निरीक्षक कृष्ण स्वरूप पाल अब थाना बसई मोहम्मदपुर के थानाध्यक्ष होंगे, जबकि बसई मोहम्मदपुर के एसओ बिमलेश कुमार त्रिपाठी को मटसेना थाना का प्रभार दिया गया है। निरीक्षक प्रेम शंकर पांडेय को नया एसओजी प्रभारी बनाया गया है।उप निरीक्षक स्तर पर भी कई तबादले हुए हैं।

भरत सिंह को थाना खेरगढ़ से पुलिस लाइन भेजा गया है। मनमोहन शर्मा को थाना शिकोहाबाद से पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। रामबीर सिंह को थाना एका से स्थानांतरित कर वाचक, एएसपी ग्रामीण नियुक्त किया गया है। सुमित कुमार और मोहित कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि प्रवीण कुमार को थाना रामगढ़ से थाना जसराना स्थानांतरित किया गया है।महिला उप निरीक्षकों में भी बदलाव किए गए हैं। प्रीति राय को थाना दक्षिण से प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र बनाया गया है।

रजनी वर्मा को अब न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रभावी नेतृत्व के लिए यह बदलाव आवश्यक थे। उन्होंने कहा, "जिन अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य किया है, उन्हें उनकी मेहनत के अनुरूप जिम्मेदारी सौंपी गई है।" इस बड़े फेरबदल के साथ ही पुलिस महकमे में नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला है। फिरोजाबाद पुलिस अब नरेश गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश में दबिशें दे रही है।

# उटंगन नदी में मिला मौत का गड्ढा

## सोमवार को दो और मंगलवार सुबह भी मिले दो युवकों के शव, कोहराम

एनएनआई

**अभी भी नदी में दो युवकों की तलाश, सेना चला रही नदी में सर्च आपरेशन**

**चार दिन बाद मिली बेटों की लाश से लिपटकर रोने लगा पिता, मां हुई बेसुध**

**आगरा।** उटंगन नदी में आखिरकार वो गडढा मिल गया है जहां युवक डूबे हैं। सोमवार को वीनेश और ओकेश के शव मिलने के बाद मंगलवार को भी दो युवकों के शव सुबह मिल गए है। शवों के लिते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वीनेश के पिता विजय सिंह नदी किनारे पर बैठे हुए थे। वह इस इंतजार में थे कि बेटा बाहर निकाल लिया जाएगा। सोमवार दोपहर में सबसे पहले वीनेश का शव निकाला गया। बेटे को देखकर पिता उससे लिपटकर फूट-फूटकर रोने लगे। उन्हें गांव के लोगों ने किसी तरह संभाला। शव निकलने की जानकारी हुई तो घर में भी कोहराम मच गया।

परिवार की महिलाओं का करुण क्रंदन द्रवित कर गया। वीनेश की मां ममता देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो है। पांच दिन से उन्होंने अन्न का दाना तक नहीं खाया। पड़ोस की महिलाएं उन्हें संभालने की कोशिश करती रहीं, लेकिन वह बार-बार बेटे वीनेश को पुकार रही थीं। छोटी बहन वर्षा व बड़ा भाई लोकेश अपने भाई को याद कर फफक-फफक कर रो रहा था।






गांव में घुसते ही ओकेश का घर है। वह 6 भाइयों में सबसे छोटा था, घर में सभी का लाडला था। पिता किशन सिंह किसान हैं। वह बृहस्पतिवार से ही बेटे के मिलने की आस में नदी किनारे ही टकटकी लगाए हुए बैठे थे। मां शांति देवी के आंसू नहीं रुक रहे हैं। पांच बड़े भाई राजेंद्र, नरेंद्र, ज्ञानी, श्रीनिवास और राहुल अपने छोटे भाई को याद कर फफक पड़ते हैं। घर पर रिश्तेदारों का तांता लगा हुआ है। हादसे में अपनों को खोने वाले पीड़ित परिवारों में पांचवें दिन भी चूल्हा नहीं जले हैं। उधर, देर रात रविवार को मिले करन, सोमवार को मिले ओकेश और वीनेश के शव घर पहुंचे। इससे पूरे गांव में कोहराम मच गया।

### महामृत्युंजय मंत्र का जाप शुरू

खेरागढ़ नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर गर्ग ने बताया कि बचाव अभियान में तमाम बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञ टीम होने के बावजूद डूबे लोग बमुश्किल निकल पा रहे हैं। सेना के स्कूबा डाइवर्स भी कार्य करने में चुनौती का सामना कर रहे हैं। वह अपना अभियान पूरा कर पाएं इसलिए प्रार्थना भी शुरू हो गई। वहीं खेरागढ़ के गुफा मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप पंडित जयंती शर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा है। यह तब तब जारी रहेगा, जब तक तलाशी अभियान पूरा नहीं हो जाता।

## पुलिस चौकी से कुछ कदमों की दूरी पर चोरों ने दिखाए हाथ

**आगरा** एनएनआई। एत्माद्दौला क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई चोरी की इस वारदात ने पुलिस की निगेहबानी की कली खोल दी।

एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के जोहरा बाग निवासी राकेश कुशवाहा के घर में सोमवार रात चोरी की वारदात हुई। चोर घर के पीछे के रास्ते से छत के जरिए अंदर दाखिल हुए और दरवाजा तोड़कर अलमारी में रखे बैग से चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की चैन, एक पेंडेंल और दस हजार रुपये नकद समेटकर कर ले गए।

सुबह जागने पर घर का सूपड़ा साफ देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। सूचना पर थाना एत्माद्दौला पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक कैमरे में चोर की हल्की छवि दिखाई दे रही है। पीड़ित राकेश कुशवाहा की रामबाग चौराहे के समीप मोबाइल की दुकान है। दुकान के पीछे उनका घर है।

## अतिक्रमण पर चला नगर निगम का महाबली



- टेडी बगिया पर चलाया अतिक्रमण हटाने का अभियान
- सब्जी मंडी में किया गया जमकर विरोध

**आगरा।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को टेडी बगिया के विकास नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान टीम को व्यापारियों और स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। मंडी क्षेत्र में निगम कर्मियों को देखकर व्यापारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल तनावपूर्ण हो गया। किसी तरह अधिकारियों ने स्थिति को संभाला।

नगर निगम को स्थानीय लोगों द्वारा पोर्टल पर हाथरस रोड पर अवैध सब्जी मंडी की शिकायतें मिल रहीं थीं। सोमवार सुबह प्रवर्तन दल जेसीबी और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान मंडी के अंदर और बाहर सड़क पर खड़ी कुछ ठेल, खोखे और अवैध निर्माण को हटाया गया। इस दौरान निगम अधिकारियों और सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस बल ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। निगम अधिकारियों का कहना है कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा था। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई की गई, जिससे उनका नुकसान हुआ है। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। दुबारा अतिक्रमण करने पर कार्यवाही की जाएगी।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## घूसखोरों पर चला पुलिस आयुक्त का हंटर

### इंस्पेक्टर सहित छह पुलिसकर्मी किए सस्पेंड, दो लाइन हाजिर

एनएनआई

**आगरा।** पुलिस कमिश्नरेट में भ्रष्टाचार पर वार करने के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 7839860813 पर शिकायतों की संख्या बढ़ रही है। सोमवार को पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने पहली कार्रवाई करते हुए एक इंस्पेक्टर, दो दरोगा और तीन सिपाहियों को निलंबित किया। वहीं पीआरवी में तैनात दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है।

हेल्पलाइन नंबर पर पासपोर्ट सत्यापन से लेकर विवेचना में रुपये मांगने की शिकायतें आई थीं। शिकायतों का सत्यापन डीसीपी स्तर के अधिकारी से कराया गया। जिन लोगों के खिलाफ साक्ष्य मिल रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घूस मांगने के मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच के बाद केस भी दर्ज होंगे। आरोपी पुलिसकर्मियों को जेल भेजा जाएगा।

थाना सिकंदरा में तैनात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह को विवेचना में रुपयों का लेन-देन करने का दोषी पाया गया। उनके खिलाफ पीड़ित ने शिकायत की थी। बताया था कि उससे विवेचना के लिए रुपयों की मांग की जा रही है। थाना निबोहरा में तैनात एसआई सुमित राठी को भ्रष्टाचार और अपराधी किस्म के लोगों से मेलजोल रखने के मामले में दोषी पाया गया। उन्होंने भी रुपयों की मांग की थी। इसी तरह थाना फतेहाबाद में तैनात एसआई ज्ञान प्रकाश को भ्रष्टाचार और विवेचना संबंधी लापरवाही के लिए दोषी पाने पर निलंबित किया गया।

मुख्य आरक्षी रिंकू, आरक्षी हरपाल सिंह और संजीव कुमार पीआरवी 112 पर तैनात थे। उन पर जनता से रुपयों की वसूली की शिकायत की गई थी। यह जांच में सही पाई गई। इस पर उनके खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई की गई। उधर, आगरा से संबद्ध 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा के सिपाही राहुल सिंह कुंतल और अलीगढ़ के सिपाही अभिलाख को जनता से रुपयों की वसूली करने के मामले में लाइन हाजिर किया गया है। उनके निलंबन की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट संबंधित जिलों में भेजी जाएगी।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन नंबर पर हर दिन 100 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं। इनमें काफी शिकायतें अन्य विभागों की हैं। इस पर अपील की जाती है कि लोग आगरा कमिश्नरेट में तैनात पुलिसकर्मियों के भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत ही दर्ज कराएं। यह कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी। शिकायत के संबंध में लोग कॉल रिकार्डिंग, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो फोटो, स्क्रीनशाट, पैसों के लेन-देन से संबंधित कोई भी साक्ष्य उपलब्ध करा सकते हैं। शिकायत सही मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 07 अक्टूबर, 2025


# शिवाजी की दृढ़ता से पराधीनता अस्वीकार करें: शुक्ल

- बारिश में भी गूंजे जय भवानी के नारे, जाड़ता राजा महानाट्य
- मुख्य अतिथि रहे हिमाचल के राज्यपाल प्रो. शिवप्रताप शुक्ल

एनएनआई







**आगरा।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के जाड़ता राजा महानाट्य का तीसरा दिन भक्तिभाव और राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में मंचीय कार्यक्रम वर्षा के कारण स्थगित होने के बाद भी पूरा परिसर जय भवानी, जय शिवाजी, हर-हर महादेव और राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल प्रो. शिवप्रताप शुक्ल ने कहाकि छत्रपति शिवाजी महाराज की दृढ़ता आज भी भारतीय आत्मा की प्रेरणा है। पराधीनता सपने में भी सुख नहीं देती, शिवाजी ने इसे अस्वीकार किया। सेवा ही सच्ची तपस्या है। उन्होंने कहाकि पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि सेवा देखनी हो तो आशीष गौतम से मिलें। पत्ते पर भोजन से शुरू होकर यह मिशन आज सेवा की पराकाष्ठा पर पहुंचा है। शुक्ल ने अनुच्छेद 370 हटने की दृढ़ता का उदाहरण देते हुए युवाओं से आग्रह किया कि वे जड़ता छोड़ें और हिंदुत्व को जीवन में उतारें। दिव्य प्रेम सेवा मिशन की साधना श्रीजी माहेश्वरी ने कहाकि यह दैहिक, दैविक या भौतिक ताप नहीं, यह भगवती की विशेष इच्छा है। शरद पूर्णिमा की यह बरसात ब्रजवासियों के लिए शुभ है। उन्होंने मिशन की 29 वर्षीय यात्रा को स्वामी विवेका नंद के आदर्शों से जोड़ते हुए कहाकि रामकथा और श्रीमद्भागवत कथा का दान विश्व स्तर पर हो रहा है। यहां विवेकानंद जी कृष्ण स्वरूप में और संजय भैया अर्जुन रूप में प्रकट हुए। डॉ. आशीष गौतम ने कहाकि हिमाचल भगवान शिव की ससुराल है, इसलिए राज्यपाल बरसात लेकर आए। यह शुभ संकेत है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश में एक भिक्षुक मां के निधन के बाद उसके बच्चे को मिशन ने अपनाया और आज वह डॉ. आरपीएन सिंह के सहयोग से एमडी कर रहा है। उन्होंने कहाकि जीवों पर दया का दावा न करें, कर्तव्य भाव से सेवा करें। दया तो भगवान शिव की है। इस मौके पर पूर्व कुलपति सुरेन्द्र दुबे, दीपक ऋषि, संजय चतुर्वेदी, राघवेंद्र सिंह, नितिन अग्रवाल, अपर्णा दुबे, निधि शर्मा, पंकज पाठक, नंदलाल, ललित शर्मा, अभिनव मौर्य, जयवीर सिंह, गोविंद दुबे, नागेंद्र प्रसाद दुबे गामा, दीप विनायक पटेल, ध्रुव गुप्ता, रजत शर्मा, अवधेश शर्मा भट्टे वाले, सुमित दिवाकर, कान्हा राठौर, विनायक मुद्गल, आशीष पाराशर, कार्तिक प्रधान, आकाश आदि उपस्थित रहे।

### आगरा में शिवाजी की कैद ने हिंदू स्वराज की नींव रखीः प्रेम शुक्ला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने शिवाजी महाराज के आगरा प्रवास को इतिहास की निर्णायक घटना बताते हुए कहाकि अगर औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को कैद न किया होता, तो मुगलों की सत्ता धराशायी न होती। यह आयोजन औरंगजेब की कब्र पर आखिरी कील है। उन्होंने कहाकि शरद पूर्णिमा की यह वर्षा अमृत वर्षा है। आसमान से अमृत बरसा और आगरा ने पी लिया।

### छह अक्टूबर के पास अन्य तिथियों में मान्य

जाणता राजा महानाट्य का 6 अक्टूबर का शो बारिश चलते स्थगित होने के कारण जिनके पास 6 अक्टूबर की प्रवेशिका है वे 7, 8 व 9 अक्तूबर में किसी भी दिन महानाट्य देखने आ सकते हैं।

# श्रीराम मंदिर मॉडल विवाद: सांसद नवीन जैन रक्षा मंत्री से मिले

## प्रतीकात्मक मॉडल हटाने से शहरवासियों में है भारी नाराजगी

एनएनआई

**आगरा।** छावनी परिषद क्षेत्र में श्रीराम मंदिर का मॉडल हटाए जाने को लेकर उठा विवाद अब केंद्र सरकार तक पहुंच गया। राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने इस मुद्दे पर रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह से दिल्ली में भेंट कर पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसको लेकर शहरवासियों में भारी नाराजगी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस प्रतीकात्मक मॉडल को धार्मिक आस्था और सांस्कृति का प्रतीक मानते हैं।

सांसद ने कहाकि जनता इस मामले को लेकर संवेदनशील है। इसे नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। इससे पहले सांसद नवीन जैन पत्र लिखकर भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत करा चुके थे। अब व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें पूरी जान कारी दी। सांसद जैन ने बताया कि नगर निगम द्वारा जी-20 सम्मेलन के दौरान सौंदर्यीकरण योजना के तहत यह मॉडल स्थापित किया गया था। यह पर्यटकों, श्रद्धालुओं और लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया था।

सांसद ने बताया कि छावनी परिषद क्षेत्र में आम जनमानस काफी परेशान है। यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी, सफाई व्यवस्था में लापरवाही, यातायात और पार्किंग की अव्यवस्था और नागरिक शिकायतों के समाधान में उदासीनता बरती जा रही है। परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर नवीन शर्मा न तो जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव करते हैं और न ही कॉल बैक करते हैं। इससे संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहाकि भविष्य में इस तरह के मुद्दों पर स्थानीय प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच नियमित संवाद सुनिश्चित किया जाए। ताकि विवादों और गलतफहमियों को टाला जा सके। रक्षा मंत्री ने इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मंडलायुक्त ने की विधान परिषद निर्वाचन नामावली की समीक्षा

एनएनआई



**आगरा।** विधान परिषद स्नातक और शिक्षक निर्वाचन आगरा खंड की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध मे मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, मैनपुरी, इटावा, फर्रुखाबाद, हाथरस, औरैया और कन्नौज आदि जिलों के जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आगरा खंड के स्नातक विधान परिषद और शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन के मतदेय स्थल और मतदाता संख्या की समीक्षा की गई। स्नातक में सिर्फ दो जिलों अलीगढ़ और इटावा में सबसे ज्यादा मतदाताओं की संख्या थी तो वहीं आगरा और अलीगढ़ दो ही जिलों में शिक्षक मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा थी। अन्य जिलों में मतदाताओं की संख्या काफी कम होने पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि व्यापक रूप से आगरा खंड के सभी जिलों में विधान परिषद निर्वाचन का प्रचार प्रसार किया जाए। मतदाताओं की संख्या में वृद्धि की जाए। आवेदन फॉर्म और पात्रता की जांच अवश्य की जाए। जिन जिलों में मतदाताओं की संख्या कम है, वहां विगत चुनाव की अपेक्षा पहले से अधिक संख्या में मतदाताओं को जोड़ा जाए। वहीं अपर आयुक्त (प्रशासन) राजेश कुमार ने कहाकि मतदाताओं की संख्या बढ़ाने को शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालय में भी जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रचार प्रसार किया जाए। मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है, इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।

निर्वाचन संबंधी जिलेवार समीक्षा में सभी जिलाधिका रियों को निर्देश दिए कि सभी एईआरओ और अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण हो जाए। मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाए। वहीं विगत चुनावों में भाग लेने वाले विजयी व विपक्षी प्रतिभागी पार्टी के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक कर ली जाए।

# सप्तशक्ति संगम ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

**आगरा एनएनआई।** नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति और समाज परिवर्तन का संकल्प लेकर सरस्वती शिशु मंदिर कमला नगर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति में आत्म गौरव बढ़ाने के साथ साथ दायित्वबोध का जागरण कराना था। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर सुनीता पंजवानी द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता बबीता पाठक ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में नारी की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सुनीता पंजवानी ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉक्टर संधि जैन( स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने माताओं के करणीय कार्य और नागरिक कर्तव्यों की ओर ध्यान आकृष्ट किया। विशिष्ट माताओं के सम्मान के क्रम में पर्यावरणीय कार्य के लिए रितु गोयल तथा संयुक्त परिवार चलाने में अग्रणी माया देवी को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में रानी दुर्गावती और मीराबाई के पात्रों का मंचन प्रेरणादाई रहा। कार्यक्रम में लगभग 175 माताओं ने प्रतिभाग किया। संचालन गरिमा ठाकुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमिता मसंद, छाया तथा वरुणा का विशेष योगदान रहा।

# छापा पडते ही डलिया छोड़ भागे खोआ विक्रेता

- एफएसडीए की टीम ने खोआ मंडी में मारा छापा, मची अफरा-तफरी
- त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुरू किया अभियान
- कई नमूने जांच के लिए भेजे, दो कुंतल खोआ कराया गया नष्ट

एनएनआई



**आगरा।** त्योहारी सीजन में जहां मिलावट खोर सक्रिय हो गए हैं। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग भी कमर कसकर तैयार है। सोमवार को बालूगंज खोआ मंडी में टीम ने छापामार कार्रवाई कर कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। टीम को देख मिलावटखोर खोए से भरीं डलिया छोड़कर भाग खडे हुए। टीम ने इस दौरान दो क्विंटल खोआ नष्ट कराया। जांच के लिए 5 नमूने भी लिए हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा महेन्द्र श्रीवास्तव के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राकेश कुमार, रवीन्द्र कुमार निरंजन, सुरेन्द्र कुमार चैरसिया, कृष्ण चन्द्र, राकेश कुमार यादव और शैलेन्द्र कुमार द्वारा सोमवार को खोया मंडी बालूगंज में छापामार कार्यवाही की गयी। टीम को देखते ही खोआ विक्रेताओं में हडकम्प मच गया। मंडी में स्थित प्रतिष्ठानों और वाहनों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान श्यामवीर पुत्र सोरन सिंह निवासी बृथला इरादत नगर, वीपी सिंह पुत्र बलदेव सिंह, निवासी नदौरा, राजाखेड़ा, धौलपुरऔर रामनारायण पुत्र अजमेर सिंह, निवासी जौनावाद की गढ़ी, राजाखेड़ा, धौलपुर खोये के एक-एक नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। इस दौरान 48 हजार कीमत का 2 कुंतल खोया नष्ट कराया गया। सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद सम्बन्धितों के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



- सेन्ट एन्ड्रूज स्कूल में अप्सा फिएस्टा के तहत हुई रंगोली प्रतियोगिता
- 23 स्कूलों के ढाई सौ से ज्यादा बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

एनएनआई

**आगरा।** अप्सा फिएस्टा के तत्वावधान में सेंट एन्ड्रूज पब्लिक स्कूल में सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता जूनियर, प्री सीनियर, सीनियर तीन वर्गों में आयोजित की गई। प्रत्येक वर्ग में चार प्रतिभागियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में 24 स्कूलों, प्री सीनियर वर्ग में 23 और सीनियर वर्ग में 18 स्कूलों ने हिस्सा लिया। कुल 260 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट-1 प्रथम, ऑल सेंट जूनियर स्कूल खंदारी द्वितीय, माही इन्टर नेशनल स्कूल तृतीय रहे। जबकि गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट 2, सनफ्लावर पब्लिक स्कूल और ऑल सेन्ट स्कूल को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्री सीनियर में सनफ्लावर पब्लिक स्कूल प्रथम, गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट-2 द्वितीय और कर्नल्स ब्राइटलेण्ड पब्लिक स्कूल तृतीय रहे। ऑल सेंट स्कूल और सिम्बोजिया स्कूल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सीनियर वर्ग में सचदेवा मिलेनियम स्कूल प्रथम, माही इन्टरनेशनल द्वितीय और ऑल सेंट स्कूल तृतीय रहा। गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट-2 और कर्नल्स ब्राइटलैण्ड पब्लिक स्कूल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. शीतल शर्मा, नरेंद्र सोलंकी और डॉ. आभा सिंह गुप्ता रहीं। अप्सा फिएस्टा ग्रुप की ओर से निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ अप्सा फिएस्टा के डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ जी एस राणा, अभिषेक गर्ग, रजत अग्रवाल और विद्यालय की एमडी ओशिन शर्मा, शिवांजल शर्मा, प्राचार्या अंशु सिंह, अभिषेक क्रिस्टी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की प्राचार्या द्वारा सभी स्वागत किया गया। संचालन शिक्षिका नुपुर बंसल ने किया। इस मौके पर आलोक वैष्णव, अरविंद पचैरी, जूली उपाध्याय, सौम्यदेव मंडल, अंकुर सक्सेना, अंजना गुप्ता, अनुभव बंसल, शुभी कपूर, अपर्णा शुक्ला और विक्की कथूरिया आदि भी मौजूद रहे।

# लोक-शास्त्रीय नृत्यों से रंगा रंगग्राम

- नाटकों के मंचन में बिखरी भारत की सांस्कृतिक छटा

एनएनआई




**आगरा।** रंगग्राम में इन दिनों चल रहे सांस्कृतिक महोत्सव रंगोदय में देश के विभिन्न प्रांतों से आए अतिथि कलाकारों ने अपनी लोक और शास्त्रीय संस्कृतियों का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिताओं नाटकों में कलाकारों ने अपने अभिनय से प्रभावित किया। इन नाटकों ने मनोरंजन के साथ मौजूदा विषयों पर जागरूक भी किया।

संस्कार भारती नाट्य केंद्र आगरा द्वारा मिल्टन पब्लिक स्कूल के सहयोग से आयोजित 21वें राष्ट्रीय नाट्य और नृत्य महोत्सव में सोमवार को मुख्य अतिथि अपर आयकर आयुक्त शैलेंद्र श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि उपायुक्त आयकर आशुतोष पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. राहुल राज ने किया। नाट्य प्रतियोगिता में धनबाद (झारखंड) के कलाकारों ने जादू का सूट नाटक मंचित किया। गिरिडीह (झारखंड) के कलाकारों ने नाटक नाग मंडल मंचित किया। मंच दूतम वाराणसी के कलाकारों ने पेश किया। झांसी के कलाकारों ने नाटक हरदौल का मंचन किया। उड़ीसा के कलाकारों ने नाटक आखिर क्यूं मंचित किया। झारखंड के कलाकारों ने मरघट की औरत नाटक मंचित किया। शाहजहांपुर के कलाकारों ने कर्ण जीत गया केशव नाटक का मंचन किया।

वहीं नृत्य प्रतियोगिताओं में उड़ीसा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। छत्तीसगढ़, आजमगढ़ और गिरिडीह के कलाकारों ने भी नृत्य में जमकर तालियां बटोरीं। निर्णायक मंडल में पुरुषोत्तम मयूरा और ज्योति खंडेलवाल रहीं।

संचालन वाणी सक्सेना ने किया। इस दौरान कटनी से डॉ. वेदवती (रश्मि) सिंह बघेल और प्रीति परोहा, वृंदावन से विनय गोस्वामी, बलिया से बृजेश सिंह, कैप्टन सोहन सिंह के अलावा वरिष्ठ रंगकर्मी विवेकानंद और प्रसन्ना दास का स्वागत भी किया गया। इस मौके पर केशव प्रसाद सिंह, पंकज सक्सेना, अजय दुबे, नीता तिवारी, अनीता परिहार, संजय चतुर्वेदी, प्रमेंद्र पाल सिंह, उमा शंकर मिश्र आदि भी मौजूद रहे।

# दृष्टिबाधितों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

एनएनआई



**आगरा।** जगद् गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग कल्याण संस्थान द्वारा प्रोन्नति दिवस समारोह यूथ हॉस्टल, संजय पैलेस में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के दृष्टिबाधित छात्र- छात्राओं दिव्या, तान्या, खुशबू, आदिल व अन्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। समारोह में दृष्टिबाधित कामेडियन अभय कुमार शर्मा (वाराणसी) ने सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। उन्हें व गोपाल सिंह सिसोदिया, निदेशक-शिक्षा विभाग, दिल्ली सरकार को ' गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग गौरव सम्मान 2025' प्रदान किया गया। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट 2025 की परीक्षाओ में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले दिलीप कुमार, सौरभ कुमार, आकांक्षा शर्मा और सृष्टि साहू को भी संस्थान की ओर से पुरस्कार प्रदान किये गए। विशिष्ट अतिथि एक पहल संस्था के मनीष राय थे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत दृष्टिबाधितों का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिनमें डॉक्टर आरफा शबनम, अभय शर्मा वाराणसी, प्रदीप कुमार गंगवार, राम खिलाड़ी स्वदेशी व अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि गोपाल सिंह सिसोदिया, उपनिदेशक शिक्षा विभाग, दिल्ली सरकार थे। संचालन प्रदीप कुमार गंगवार ने किया। संस्थान के अध्यक्ष रवि दिनकर व महामहासचिव डा.आरफा शबनम नेधन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्री गिरिराज सेवा मंडल ने गोवर्धन में लगाई अरदास

## 56 भोग मनोरथ के लिए श्री गिरिराज जी सेवा मंडल की तैयारी शुरू

- 29 दिसंबर को गोवर्धन में लगेंगे दिव्य 56 भोग, सजेगा फूल बंगला



**आगरा (एनएनआई)।** श्री गिरिराज जी सेवा मंडल परिवार की ओर से आगामी 29 दिसंबर को गोवर्धन के काष्णि आश्रम में दिव्य छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारियां मंडल के पदाधिकारियों ने शुरू कर दी हैं। संस्थापक नितेश अग्रवाल ने बताया कि छप्पन भोग मनोरथ को सफल बनाने के लिए सोमवार को गोवर्धन में श्री गिरिराज के श्री चरणों में अरदास लगायी। सुबह सबसे पहले साधु सेवा की गई। गिरिराज महाराज का श्रृंगार और अभिषेक कर भजन कीर्तन किया। गिरिराज महाराज का महाअभिषेक कार्ष्णि आश्रम के व्यवस्थापक राष्ट्रीय संत हरिओम महाराज ने कराया। अध्यक्ष अजय सिंघल ने बताया कि भाव से भरी महिलाएं अपने घर से एक-एक थाल गिरिराज जी के लिए स्वनिर्मित छप्पन भोग लायीं। सभी ने भावनात्मक रूप से गिरिराज महाराज को भोग अर्पित किये। श्रद्धालुओं ने छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है श्री गोवर्धन महाराज.., गोवर्धन धारी श्याम आपकी शोभा हैं न्यारी.. जैसे भजनो से भक्ति का अलौकिक रसपान किया। इस दौरान सह संस्थापक मयंक अग्रवाल, महंत कपिल नागर, अजय सिंघल, विजय अग्रवाल, विशाल बंसल, लक्ष्मण अग्रवाल, चंद्रमोहन, रुचि बंसल, विशाल वर्मा, विकास जैन, पुनीत जैन, नीरज मित्तल, शिवानी सिंघल, नरेंद्र गर्ग, संतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## दस दिवसीय नृत्य कार्यशाला में दिखाई भारतीय संस्कृत की विविधता

एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती, आगरा पश्चिम तथा कला साधिका समिति, आगरा, बृज प्रान्त द्वारा दस दिवसीय नृत्य कार्यशाला संस्कार केन्द्र, डबल स्टोरी, खतैना रोड, आगरा पर आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल सुपारी, संस्कार भारती के आगरा महानगर अध्यक्ष आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी, प्रख्यात नृत्य कोरियोग्राफर पुरुषोत्तम मयूरा तथा प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रख्यात नृत्य कोरियोग्राफर पुरुषोत्तम मयूरा ने आवाह्न किया कि रचनाकारों को जीवन में कला की साधना से संस्कारों का उदय और विकास होता है, इसलिए, हर बच्चे को कलायों से जुड़ना चाहिए। प्रेमचंद अग्रवाल सुपारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विविधता में एकरूपता को जगाती है और हमारी कलाएं केवल मनोरंजन ही नहीं करती हैं वरन संस्कार और सामाजिकता भी सिखलाती हैं। कार्यक्रम का संचालन ओम स्वरूप गर्ग, महामंत्री आगरा महानगर ने किया. संयोजन नीता गर्ग मंत्री संगठन ने किया। ध्येय गीत का गायन बबीता पाठक, मीना अग्रवाल, रेनू सिंघल और रेनू अग्रवाल ने किया ने किया. धन्यवाद ज्ञापन संस्कार भारती आगरा महानगर के अध्यक्ष राजीव द्विवेदी ने किया।

# देशभक्ति से गूंजा अप्सा फिएस्टा

## प्रिल्यूड में हुआ एकल गायन (कनिष्ठ वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा (अप्सा) सदैव ही विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने में अग्रणी रहती है। प्रत्येक वर्ष अप्सा के द्वारा वार्षिक साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल फिएस्टा का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में कनिष्ठ वर्ग की एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन 6 अक्टूबर, 2025 को प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसकी थीम देशभक्ति थी।

इस अवसर पर निर्णायकमंडल में प्रो. डॉ. अमिता त्रिपाठी, श्री संतोष कुमार कुलश्रेष्ठ व श्री सागर जग्गी जी उपस्थित थे, उन्होंने बच्चों को संगीत की बारीकियों के साथ-साथ गायन को बेहतर करने के गुर सिखाए। उन्होंने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु अप्सा व विद्यालय प्रबंधन की तारीफ की और बच्चों को और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित किया।

विद्यालय के निदेशक व अप्साध्यक्ष डॉ.सुशील ने सभी बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि गायन एक ऐसी कला है जो हमारे जीवन को संगीत से भर देती है और हमें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष फिएस्टा के अंतर्गत अप्सा 2500 से 3000 पुरस्कार व पदक प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा आराध्या सिंह व प्रीतिशा त्रिपाठी ने अत्यंत आकर्षक रूप से किया। कार्यक्रम में प्रो. वेद त्रिपाठी, सौरभ कुलश्रेष्ठ, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि गांधी व गुरुसरन सिंह आदि उपस्थित रहे।






### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे -

- गायत्री पब्लिक स्कूल, यूनिट दो (प्रथम)
- गायत्री पब्लिक स्कूल, यूनिट एक (द्वितीय)
- कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल (तृतीय)
- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल (प्रथम सांत्वना)
- सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल, कमला नगर (द्वितीय सांत्वना)

## डांडिया और दिवाली उत्सव में मची धूम

**आगरा** एनएनआई। वैश्य समाज महिला संगठन द्वारा वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय केसरी एवं उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता के नेतृत्व में डांडिया एवं दिवाली उत्सव मे स्थित होटल वेल्वेट स्पून कमला नगर में दोपहर को मनाया गया। सभी सदस्यों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम आगरा मंडल अध्यक्ष शुचि खंडेलवाल द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। नीलू गुप्ता द्वारा पंक्चुअलिटी का गेम खिलाया गया। बीच-बीच में अन्य गेम एवं तंबोला भी मेंबरों के साथ खेला गया। सभी सदस्यों ने मिलकर खूब उमंग के साथ डांडिया एवं गरबा किया। मंडल अध्यक्ष शुचि खंडेलवाल द्वारा धन्यवाद दिया गया।

आयोजन में अंजू सिंघल, प्रीति गुप्ता, सपना गर्ग, मुक्ता खंडेलवाल, मोना खंडेलवाल, मंजू गुप्ता, छाया बंसल, संगीता अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, स्वाति वार्ष्णेय, माधुरी खंडेलवाल, सुषमा अग्रवाल, निधि अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## उतरा पूर्णिमा का चांद, हुई अमृत प्रेम की वर्षा

**आगरा** एनएनआई। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था नटरांजलि थियेटर आर्ट्स द्वारा 8वें आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'महारास डांडिया' में "राधा कृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम" का आयोजन किया गसया। ईदगाह स्थिति होटल एनपी पैलेस में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नुपुर गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ आनंद टाइटलर, वीरेंद्र पाठक, लालाराम तैनगुरिया, ब्रजेश पंडित, गौरव शर्मा,सुन्दर लाल चेतवानी ने किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुई। डांडिया ग्रुप डांस में निधि बेदी एवं रचिता शर्मा प्रथम, कोमल एवं बबिता टाइटलर द्वितीय स्थान पर रहीं। विशेष पुरस्कार ममता अग्रवाल, सुनीता झा, प्रीती मिश्रा, अनुष्का, पूनम को मिला। इस अवसर पर सुंदर लाल चेतवानी, बॉलीवुड असिस्टेंट डायरेक्टर ललित शर्मा, अमित कुमार, हरीकान्त शर्मा, राकेश नागर, डा मुकुल शर्मा, गोपाल शर्मा, आशुतोष शर्मा आदि मौजूद रहे।






## डांडिया पर झूमी महिलाएं, शक्ति की आराधना भी की

**आगरा** एनएनआई। सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा डांडिया का कार्यक्रम फतेहाबाद रोड में एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें दुर्गा के पिता पर क्लाउड में रुचि चतुर्वेदी ने माला पहनाकर एवीएन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डांडिया की मस्ती पर महिलाओं ने बड़ी मस्ती की और धूमधाम से मनाया। शक्ति के अराधना के साथ वाहन पर उसके अपने पोर्टल के अंदर अपने पास कभी आनंद लिया। कार्यक्रम में सोनी त्रिपाठी, सरिता तिवारी, अनिता सोनी, पूजा चावला, निधि गुप्ता, भावना अस्थाना, गुंजन शर्मा, पूजा शर्मा, प्रीति दीक्षित, भावना अस्थाना मौजूद रही।

## श्री प्रेमनिधि जी मंदिर में मना शरद पूर्णिमा उत्सव

- चाँदनी रात में झिलमिलाए ठाकुर श्याम बिहारी जी के श्वेत श्रृंगार के दर्शन
- भक्ति, माधुर्य और रासलीला के पदगान में डूबा नाई की मंडी का पुष्टिमार्गीय वातावरण

एनएनआई



**आगरा।** पुष्टिमार्गीय श्री प्रेमनिधि जी मंदिर में शरद पूर्णिमा का पावन उत्सव सोमवार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर श्वेत पुष्पों, दीपों और भक्तिभाव से सुसज्जित था। ठाकुर श्याम बिहारी जी का श्वेत वस्त्र एवं रजताभ आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी को मुरली धारण करवाई गई, और उनके दर्शन से भक्तों में आनंद की लहर दौड़ गई।

पूरे वातावरण में पुष्टिमार्गीय पदगान और रासलीला की भावधारा बहती रही। रात्रि की चाँदनी में दीपों की झिलमिलाहट और कीर्तन की गूंज ने वातावरण को दिव्य बना दिया। भक्तजन भाव-विभोर होकर रासमयी माधुर्य में डूब गए।

मुख्य सेवायत हरिमोहन गोस्वामी एवं सुनीत गोस्वामी ने बताया कि पुष्टिमार्ग परंपरा में शरद पूर्णिमा महारास महोत्सव के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा वह पावन रात्रि है जब श्रीकृष्ण अपने परमात्मा स्वरूप का दर्शन कराते हैं। यद्यपि वे रास में एक रूप में प्रकट हुए थे, किंतु प्रत्येक गोपी के साथ अलग-अलग रूप में रमण कर एक से अनेक होने की दिव्य शक्ति का प्रमाण देते हैं। उत्सव के समापन पर भोग-आरती और खीर का महाप्रसाद वितरण हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय चंबल फिल्म फेस्टिवल

# 'सिनेमा और पर्यटन' थीम पर 13-14 को होगा आयोजन



एनएनआई

**बाह।** चंबल क्षेत्र की पहचान को नई उड़ान देने के लिए 13-14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय चंबल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन ग्वालियर के जीवाजी विश्व विद्यालय के गालव सभागार में होगा। सोमवार को फेस्टिवल का पोस्टर रिलीज करते हुए प्रो राजकुमार आचार्य ने बताया कि सिनेमा और पर्यटन की थीम पर आयोजित होने वाले फेस्टिवल में चंबल क्षेत्र में फिल्म एवं पर्यटन के जरिए रोजगार और विकास पर फोकस रहेगा। आयोजन से चंबल क्षेत्र की ग्रामीण प्रतिभाओं को पंख लगेंगे। औरैया, इटावा, आगरा, जालौन, धौलपुर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना की फिल्म और पर्यटन से जुड़ी ग्रामीण प्रतिभाएं लाभांवित होंगी। स्कूल ऑफ स्टडीज इन टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, जेयू की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राधा तोमर ने बताया कि फेस्टिवल के चार सत्रों में चंबल की समृद्ध परंपरा पर विषय विशेषज्ञ मंथन करेंगे। साथ ही दो दिन के आयोजन में सेमिनार, फोटो प्रदर्शनी, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फिल्म निर्माण कार्यशाला और देश-विदेश की सरोकारी फिल्मों का प्रदर्शन होगा। उनका कहना है कि यह फेस्टिवल चंबल को वैश्विक फिल्म पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने का ऐतिहासिक कदम साबित होगा। संयोजक देवी सिंह राठौर ने कहा कि पिछले सोलह वर्षों से यह फेस्टिवल चंबल की सकारात्मक पहचान को उजागर करने का लगातार प्रयास कर रहा है। आयोजन विश्व के फिल्मकारों के बीच एक सेतु के रूप में चंबल क्षेत्र को नई पहचान देगा। पोस्टर जारी करने वालों में आयोजन समिति के लोकेंद्र भदौरिया, विष्णु वृद्धि, अनूप शर्मा और सुरजीत राजावत आदि रहे।

# लेखपालों की हड़ताल रही जारी, नहीं बनी सहमति

एनएनआई



**बाह।** 17 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को लेखपालों की लगातार चौथे दिन हड़ताल जारी रही। लेखपालों की हड़ताल के चलते आय, जाति एवं मूल निवास बनवाने के लिए छात्र-छात्राएं भटकने को मजबूर हैं। वहीं विरासत, अंश संसोधन एवं आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण भी नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीण किसान परेशान हैं। सोमवार को तहसील मुख्यालय बाह पर धरनारत लेखपालों से वार्ता के लिए तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष को पहुंचे। उन्होंने महिला लेखपालों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था करने के साथ ही दो दिन में वित्तीय मांगे निपटाकर आर्थिक देय का भुगतान का आश्वासन दिया। लेकिन एसडीएम से जुड़े प्रकरणों को लेकर सहमति नहीं बन सकी। जिसके चलते कार्य बहिष्कार जारी रहा। लेखपाल संघ के अध्यक्ष यशवेन्द्र सिंह, मंत्री अमित कुमार ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान रजनीश कुमार, नरेश चन्द्र, जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, अजीत सिंह, गजेन्द्र राणा, अशोक कुमार, सुरेन्द्र कुमार, प्रियंका धाकरे, श्रद्धा भदौरिया, शिवानी आदि रहे।

# तमंचे के बल पर किशोरी से खेत में सामूहिक दुष्कर्म

एनएनआई

**पिनाहट।** थाना मनसुखपुरा के एक गांव में घर पर सो रही किशोरी को आरोपित तमंचे के बल पर खेत पर ले गए। वहां दो युवकों ने दुष्कर्म किया। नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर खेत में ही छोड़ गए। आरोप है कि थाने में कार्रवाई नहीं की । पिता ने डीसीपी कार्यालय पर शिकायत की है। डीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास के कार्यालय पर सोमवार को थाना मनसुखपुरा की एक 16 वर्षीय किशोरी पिता संग पहुंची। वहां वह घटना बताते हुए रो पड़ी। पीड़िता के पिता ने बताया कि पुत्री चार अक्टूबर को रात करीब नौ बजे घर के बरामदे में सो रही थी। तभी एक आरोपित अज्ञात साथी संग आया। किशोरी को तमंचा छाती पर लगाकर खेतों की ओर ले गया। दोनों ने दुष्कर्म करने के बाद किशोरीको नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश हालत में छोड़ दिया । सुबह जब वह बिस्तर पर नहीं मिली तो इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। तलाशने पर किशोरी खेत में बदहवास हालत में मिली। इसकी शिकायत करने जब पीड़िता पिता के साथ थाने गयी तो थाना पुलिस ने न तो मेडीकल कराया व ना ही केस दर्ज किया है। उल्टा धमका कर भगा दिया। थानाध्यक्ष मनसुखपुरा अजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष एक भी बार थाने नहीं आया है।

# आगरा की पहचान मुगलों से नहीं, शिवालयों से है: मेयर

एनएनआई



**आगरा।** आगरा की पहचान मुगलों से नहीं बल्कि शिवालयों से है । आगरा में आगरा से भी प्राचीन और भव्य शिवालय हैं यह विचार आगरा की महापौर हेमलता दिवाकर ने आज सोमवार को कैलाश मंदिर परिसर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में -,आगरा के शिवालय -पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा! पुस्तक के विमोचन में उनके साथ कैलाश मंदिर के प्रमुख महंत निर्मल गिरी भी थे उन्होंने कहा -यह पुस्तक आगरा और पूरे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी । उन्हें अपने सनातन धर्म के बारे में इससे अच्छी जानकारी मिल सकेगी, जाने-माने इतिहासकार राज किशोर शर्मा राजे द्वारा लिखित -आगरा के शिवालय -पुस्तक में आगरा के प्रमुख 101 शिवालयों का इतिहास है लेखक ने अपनी पुस्तक में विस्तार से बताया है कि किस मन्दिर की स्थापना कब और किस प्रकार हुई उन्होंने विभिन्न संप्रदायों द्वारा बनाए गए शिवालयो का भी उल्लेख किया है। लेखक श्री राज किशोर शर्मा राजे ने बताया कि आगरा के शिवालय पर यह पहले प्रामाणिक पुस्तक है और इसमें हर मंदिर के फोटो भी है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एडिशनल कमिश्नर यादराम सिंह यादव ने की उन्होंने पुस्तक की तारीफ करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के बंटी ग्रोवर, वरिष्ठ पत्रकार एवं इतिहासकार डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ,मनोज गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



# शरद पूर्णिमा: मनाया टेसू झांझी के विवाह का उत्सव

एनएनआई

**बाह।** महाभारत के युद्ध की पृष्ठ भूमि में परवान चढ़ने से पहले मिटाई गई टेसू झांझी के विवाह की लोक परंपरा का सोमवार की रात बाह, बिजौली, जरार, बटेश्वर, जैतपुर, बासौनी, अभयपुरा क्षेत्र में निर्वहन किया गया। अधूरी प्रेम कहानी की पांच दिवसीय लोक परंपरा का निर्वहन मंगलवार को भी होगा। सोमवार की शाम से ही गांव कस्बों की गलियों में बच्चों की टोली टेसू झांझी के गीत गाते हुए घर घर पहुंची। नेग के रूप में रुपये और अनाज इकट्ठा किया। प्रसाद जुटाया और रात में लड़कों ने थाली-चम्मच बजाकर टेसू की बारात निकाली। वहीं लड़कियां झांझी को लेकर विवाह के मंडप में लाईं। ढोलक की थाप पर मंगल गीतों के साथ टेसू-झांझी का विवाह रचाया गया। लेकिन सात फेरे पूरे होने से पहले ही लड़के टेसू का सिर धड़ से अलग तालाब में विसर्जित करने को ले पहुंचे। वहीं लड़कियां अपने सिर पर झांझी को रख कर इस कदर घूमी कि गिर कर टूट गई।




# शरद पूर्णिमा पर हुई भव्य महाआरती

**आगरा एनएनआई।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर निशुल्क योग भजन पाठशाला सहयोग वाटिका, पालीवाल पार्क में माता रानी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। शुभारंभ योग प्रशिक्षक त्रिलोकी नाथ बांसल के सानिध्य में योग सत्र से हुआ। योग के पश्चात भक्तिमय वातावरण में माता रानी की महाआरती की गई। दीप प्रज्वलन का कार्य पवन वर्मा एवं विनय मंगल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर घनश्याम, गुंजन गर्ग, ज्योति, मदन मोहन, नेहा, सीमा, रेखा वर्मा, प्रीति, सानू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महिला मंडलों का हुआ सम्मेलन

**आगरा एनएनआई।** दिगंबर जैन परिषद के तत्वाधान में श्री शान्तिसभागर, अहिंसा चौक (हरीपर्वत), महावीर मार्ग, हरिपर्वत आगरा में महिला मंडलों का सम्मेलन एवं संगोष्ठी पावन सानिध्य पूज्य मुनि सौम्यसागर एवं मुनि निश्चल सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में हुआ। मुनिश्री का पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण किया गया। बालिका मंडल ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर आगरा दिगम्बर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, मंत्री मनीष जैन ठेकेदार, कोषाध्यक्ष राकेश जैन पर्दे वाले, मनोज जैन सतेंद्र जैन साहूला, विमल जैन, नरेश लुहाड़िया, अनुज जैन दीपक जैन, सीमा जैन, सपना जैन, शशि जैन, प्रिन्सी जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन आदि थे।



## जनसंपादकीय

# बिहार का चुनावः सियासी दंगल या लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा?

सियासत का पारा चढ़ चुका है, हवा में नारे हैं, गलियों में जोश है और दिलों में उबाल! पटना से पूर्णिया तक, हर नुक्कड़ पर एक ही सवाल गूंज रहा है – अबकी बार कौन? नवंबर की ठंडी हवाओं के बीच बिहार फिर से एक गर्म रणभूमि में बदल चुका है। नीतीश की थक चुकी स्थिरता बनाम तेजस्वी की raw एनर्जी – यह मुकाबला सिर्फ. कुर्सी पति नीतीश का नहीं, इज्जत और अस्तित्व का भी है। इस बार का चुनाव, सत्ता की बाजी नहीं, जनमत का तूफान है – जिसमें हर वोट, एक विस्फोट साबित हो सकता है।

नवंबर 6 और 11, 2025 को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव, और 14 नवंबर को आने वाले नतीजे, इस बार सिर्फ. एक राजनीतिक मुकाबला नहीं बल्कि लोकतंत्र की एक बड़ी परीक्षा माने जा रहे हैं। 243 सीटों पर वोटिंग होगी और 7.42 करोड़ से ज्यादा मतदाता, जिनमें 14 लाख नए वोटर्स शामिल हैं, तय करेंगे कि बिहार की गद्दी पर कौन बैठेगा – नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला एनडीए या तेजस्वी यादव का इंडिया गठबंधन।

फिलहाल हवा एनडीए के पक्ष में बहती दिखाई दे रही है। जेडीयू और भाजपा का गठबंधन, पिछले लोकसभा चुनावों की तरह, इस बार भी संगठित और आत्मविश्वास से भरा है। NewsX और ABP सर्वे के मुताबिक एनडीए को 150-160 सीटों तक मिलने की संभावना है, जबकि बहुमत के लिए 122 सीटें काफी हैं। भाजपा को इस बार सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बनने का भरोसा है, क्योंकि उसने 2024 में बिहार की 40 में से 30 लोकसभा सीटें जीती थीं।

नीतीश कुमार अब भी बिहार के सुशासन बाबू कहलाते हैं। 20 साल से ज्यादा सत्ता में रहने के बावजूद उनकी छवि एक व्यावहारिक और स्थिर नेता की बनी हुई है। उन्होंने कानून-व्यवस्था में सुधार, सड़कों का जाल और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर काम किया है। भाजपा के केंद्रीय नेताओं – खासकर अमित शाह – ने मोदी सरकार की योजनाओं को गेम चेंजर बताया है, जैसे महिलाओं को ?10,000 वार्षिक सहायता और युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम।

दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन की लड़ाई कठिन नजर आ रही है। तेजस्वी यादव बेरोजगारी, शिक्षा और हर बिहारी को बदलावह्न जैसे नारों के साथ मैदान में हैं। युवाओं में उनका असर दिखता है – खासकर शहरी मतदाताओं और प्रथम बार वोट देने वालों में। मगर गठबंधन की सबसे बड़ी मुश्किल है एकता की कमी। तेज प्रताप यादव के अलग दल जनशक्ति जनता दल ने कुछ हद तक यादव वोटों में सेंध लगाने का खतरा पैदा किया है। इसी बीच, प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज भी इस चुनाव में तीसरे मोर्चे के रूप में उतर रही है। उसका वोट प्रतिशत भले ही कम (1-2%) दिख रहा हो, लेकिन यह विपक्षी वोटों में कटाव ला सकता है। किशोर का फोकस भ्रष्टाचार के खिलाफ और विकास-केंद्रित राजनीति पर है, जिससे वे नौजवान वर्ग को आकर्षित कर रहे हैं।

पब्लिक कॉमेंटेटर प्रोफेसर पारस नाथ चौधरी कहते हैं कि विपक्ष ने इस बार इलेक्शन कमीशन को कटघरे में खड़ा करने की नाकामयाब कोशिश की। "इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस चुनाव आयोग की विशेष मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया को लेकर है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह डेटा साफ करने का प्रयास था, जिसमें डुप्लीकेट नाम हटाए गए। मगर आधार लिंकिंग से जुड़ी अनियमितताओं ने विवाद बढ़ा दिया है। हालाँकि आयोग ने पारदर्शिता के लिए 100% वेबकास्टिंग, नई डिजाइन की EVMs और विशेष पर्यवेक्षक की नियुक्ति जैसी व्यवस्थाएँ की हैं, फिर भी मतदाताओं के बीच अविश्वास बना हुआ है।"

बिहार के समाज ज्ञानी टीपी श्रीवास्तव के मुताबित इस चुनाव में सबसे दिलचस्प और निर्णायक भूमिका युवा मतदाताओं की है – जिनकी संख्या करीब 1.4 करोड़ है। ये जाति समीकरणों से हटकर नौकरी, शिक्षा और अवसर की बात कर रहे हैं। युवा अब विकास की जमीन पर वोट दे रहे हैं, न कि केवल नारेबाजी पर। चिराग पासवान, और कई वोट कटवा गैंग्स की क्या भूमिका रहेगी, अभी क्लियर नहीं है। विश्लेषक बता रहे हैं, बिहार में डिजिटल प्रचार का नया दौर शुरू हुआ है – इंस्टाग्राम रील्स से लेकर व्हाट्सऐप कैंपेन तक। युवा नेता सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय हैं, और गाँव-गाँव पन्ना प्रमुख और युवा संवाद कार्यक्रमों से बूथ स्तर पर जुड़ाव बनाया जा रहा है। अगर एनडीए दोबारा सत्ता में आता है, तो यह न केवल नीतीश कुमार के लिए स्वान सांग (आखिरी कार्यकाल) होगा बल्कि भाजपा के लिए बिहार की पकड़ और मजबूत करने का मौका भी। वहीं इंडिया गठबंधन की हार से विपक्षी राजनीति में नया फेरबदल हो सकता है, और तेजस्वी यादव की लीडरशिप पर सवाल उठेंगे। बिहार का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का खेल नहीं है, बल्कि यह देखना है कि लोकतंत्र कितना परिपक्व हो चुका है। यहाँ हर वोट मायने रखता है – हर नाम का हटना या जुड़ना, हर बूथ की गिनती, और हर उम्मीदवार का वादा। यह चुनाव तय करेगा कि बिहार स्थिरता चाहता है या बदलाव।

**ब्रज खंडेलवाल (लेखक के निजी विचार)**




# बिहारः नई सरकार का फैसला 14 नवंबर को

## इस बार दो चरण में 6 और 11 नवंबर को मतदान

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों का एलान कर दिया है। 6 और 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। जब से बिहार में एसआईआर का एलान हुआ था, उसके बाद से ही चुनाव आयोग विपक्ष के निशाने पर था। 30 सितंबर 2025 को आयोग के द्वारा एसआईआर की अंतिम सूची जारी की। इसमें बिहार में कुल 7,41,92,357 मतदाता पंजीकृत हैं। अब जब बिहार में चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है तो इसी के साथ वहां आचार सहिंता भी लागू हो गई है।

चुनाव तारीखों की घोषणा की तारीख से आदर्श आचार संहिता को लागू किया जाता है और यह चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहती है। विधानसभा चुनावों के दौरान पूरे राज्य में लागू होती है। बिहार में चुनाव की तारीखों के एलान के साथ अब वहां आचार सहिंता लागू हो चुकी है।

आदर्श आचार संहिता राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों के मार्गदर्शन के लिए निर्धारित किए गए मानकों का एक ऐसा समूह है जिसे राजनैतिक दलों की सहमति से तैयार किया गया है। आदर्श आचार संहिता में चुनाव आयोग की भूमिका अहम होती है। संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन संसद और राज्य विधानमंडलों के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों का आयोजन चुनाव आयोग का सांविधिक कर्तव्य है।

**'इस बार बिहार का चुनाव सुगम और सरल होगा'**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव इस बार सबसे सुगम और सरल होगा। बिहार में मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ हैं। सीनियर सीटिजन करीब चार लाख हैं। 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता लगभग 14 हजार हैं। इस बार चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधाओं के लिए बूथ की संख्या में बढ़ोतरी की है। बिहार में 90 हजार से अधिक बूथ हैं। हर बूथ पर वरिष्ठ अधिकारी वेबकास्टिंग के जरिए निगरानी करेंगे।

**22 साल बाद मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया गया**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्रों पर बूथ लेवर अधिकारी की ट्रेनिंग पहले विधानसभा या जिलास्तर पर होती थी। लेकिन, इस बार हर विधानसभा क्षेत्र के चार से पांच बीएलओ को क्क्क्ऊएट बुलाया गया और उन्हें पर्याप्त ट्रेनिंग दी गई। जिला पुलिस बल और सीएपीएफ के बीच बेहतर समन्वय हो, इसके लिए भी ट्रेनिंग दी गई। लगभग 22 साल बाद मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य सफलता पूर्वक कर लिया गया। राजनीतिक दलों ने जो मांग की, उन्हें भी पूरा कर लिया गया। बिहार ने देश को नई राह दिखाई है।



**अब मोबाइल लेकर बूथ पर जा सकते हैं**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि जिन मतदाताओं ने नाम या पता में कुछ परिवर्तन हुआ है, तो उन्हें नया वोटर आईडी कार्ड दिया। 15 दिन के अंदर वोटर आईडी कार्ड देने की व्यवस्था की गई है। देश और बिहार की प्रगति को ध्यान में रखते हुए एक नई व्यवस्था बनाई गई। अब बूथ के अंदर मतदाता कक्ष के ठीक बाहर मोबाइल रखने की व्यवस्था की गई है। मतदाता यहां आराम से मोबाइल रखकर अपना मतदान कर सकते हैं। यानी अब उन्हें घर पर मोबाइल छोड़कर आने की जरूरत नहीं है।

**अब 100 प्रतिशत बूथों पर वेब कास्टिंग होगी**

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पहले 50 प्रतिशत बूथों पर वेब कास्टिंग होती थी लेकिन अब 100 प्रतिशत बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। प्रत्याशियों की पहचान ठीक से हो, इसके लिए रंगीन फोटो अब ईवीएम में लगाई जाएगी। राजनीतिक दलों की मांग थी कि पोस्टल बैलेट की गिनती पहले शुरू और खत्म की जाए। इसलिए अब चुनाव आयोग ईवीएम की गिनती के अंतिम दो राउंड से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती समाप्त करना अनिवार्य होगा।

बिहार में चुनाव दो चरणों में होंगे

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार के चुनाव दो चरणों में होगें। पहले चरण के लिए 121 विधानसभा क्षेत्र 10 अक्टूबर को अधिसूचना जारी हो जाएगी। दूसरे चरण के लिए 122 विधानसभा क्षेत्र में अधिसूचना जारी हो जाएगी। पहले चरण में 17 अक्टूबर तक नॉमिनेशन लिए जाएंगे। वहीं दूसरे चरण में 20 अक्टूबर तक नॉमिनेशन लिए जाएंगे। पहले चरण के लिए 20 अक्टूबर तक नॉमिनेशन वापस लिए जा सकते हैं। वहीं दूसरे चरण में 23 अक्टूबर तक नॉमिनेशन वापस लिए जा सकते हैं। छह नवंबर को पहले चरण का मतदा और 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा। वहीं 14 नंवबर को बिहार में मतगणना होगी। 16 नवंबर को चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। इस बार कुल पोलिंग स्टेशन की संख्या 90, 712 होगी। एक पोलिंग स्टेशन पर औसतन 818 मतदाता होंगे।शहरों में 13,911 बूथ होंगे। गांवों में 76, 801 बूथ होंगे।

# आगरा की अभिनेत्री माही वी कुमार ने गुड़गांव में मोहा सबका मन

## एक बार फिर अपनी प्रतिभा का दिखाया हुनर



कार्तिकेय संस्था के निदेशक, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डा. पंकज दर्पण अग्रवाल के नेतृत्व में आगरा की विख्यात मंच संचालिका, मॉडल और रंगमंच अभिनेत्री माही वी कुमार ने सांस्कृतिक समिती सेक्टर 14, द्वारा गुड़गांव के रामलीला ग्राउंड में आयोजित एतिहासिक रामलीला में सीता जी के स्वरुप में पूरे शहर का दिल जीता। रामलीला में भगवान श्रीराम 'अर्शिल चिचाम' और लक्ष्मड़ 'संदीप खांडे' बने।

पल्लवी शर्मा सूपर्ण खां एवं रावण की भुमिका में थे गौरव गुप्ता। माही वी कुमार आगरा की एतिहासिक रामलीला में भी अहिल्या, शबरी, अनुसुइया सहित कई स्वरुप निभाकर पूरे शहर का आशिर्वाद ले चुकी हैं। इससे पूर्व नटरांजलि थियेटर आर्ट्स द्वारा आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में एन.टी.ए. इंटरनेशनल ताज क्वीन बेस्ट पर्शनेलिटी का खिताब जीत चुकी हैं ! नटरांजलि थियेटर आर्ट्स द्वारा एंड टीवी के रियलिटी शो - 'लव मी इंडिया फेम' अथर्व चतुर्वेदी जिनकी प्रतिभा का लोहा, निर्णायक सुप्रसिद्ध बॉलीवुड संगीतकार हिमेश रेशमिया, गायक गुरु रंधावा भी मान चुके हैं।

यही नहीं टीवी रियेलिटी शो 'सा रे गा मा' के प्रथम रनर अप तनमय चतुर्वेदी, टीवी रियेलिटी शो 'सुपर स्टार' फेम वर्षा के साथ आयोजित बाल उत्सव में पेंटिंग और मंच संचालन प्रतियोगिता में प्रथम पुरुष्कार प्राप्त किया था। उसके बाद संस्था के सभी कार्यकर्मों में मंच संचालन और कविता पाठ भी करने लगी।

2023 में ताज महोत्सव समिती द्वारा आयोजित 'मिडनाइट फेस्ट एट सदर' में मंच संचालन और इसी वर्ष माही ने महाकवि गोपाल दास नीरज की स्मृति में कवि सम्मेलन मे देश के विश्व विख्यात कवियों के समक्ष काव्य पाठ कर खूब नाम कमाया ! माही ने 2024 में ताज महोत्सव में कविता पाठ कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हाल ही में 26 जनवरी 2025 को रंगकर्मियों द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में माही ने पीयुष मिश्रा द्वारा लिखित 'गगन दमामा बाज्यौ' के एक छोटे से अंश पर अभिनय कर अपनी एक और नयी प्रतिभा का परिचय दिया ! इसी वर्ष ताज महोत्सव 2025 में 'माही वी कुमार' को मुक्ताशीय मंच पर कई बार स्थानीय कलाकारों के पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन का सुअवसर मिला। इसी वर्ष भारतेंदु नाट्य एकेडमी, लखनऊ द्वारा आयोजित एक माह की रंगमंच कार्यशाला में नाटक अहिल्याबाई होलकर में शुरुआती मंच संचालन और कई किरदार निभाकर वाहवाही लूटी। संगीत नाटक एकेडमी, लखनऊ द्वारा आयोजित एक माह की रंगमंच कार्यशाला में नाटक अंधेर नगरी में राजा के खास सिपाही की महत्त्वपूर्ण भुमिका निभाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। माही वी कुमार वरिष्ठ रंगकर्मी अलका सिंह शर्मा की शिष्या और आगरा के विख्यात कोरियोग्राफर टोनी फास्टर की सुपुत्री है।

# शरद केलकर: सिर्फ चार दिन में रचा इतिहास

## शिवाजी महाराज के किरदार को किया अमर



आज अभिनेता शरद केलकर अपना 49वां जन्मदिन मना रहे हैं। दमदार आवाज, मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस और बहुपक्षीय अभिनय क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले शरद ने अपने करियर में कई यादगार किरदार निभाए हैं, लेकिन फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार उनके करियर की सबसे प्रतिष्ठित भूमिकाओं में से एक बन गया। आश्चर्य की बात यह है कि शरद को यह किरदार निभाने के लिए सिर्फ चार दिन का समय मिला था। इतनी कम तैयारी के बावजूद उन्होंने जिस आत्मविश्वास और गरिमा के साथ शिवाजी महाराज को पर्दे पर जीवंत किया, वह भारतीय सिनेमा के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। मैंने उन्हें सिर्फ एक राजा नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी नेता, पिता और गुरु के रूप में देखा, – शरद केलकर तान्हाजी में शिवाजी महाराज का किरदार भले ही सीमित समय के लिए था, लेकिन उसका भावनात्मक और ऐतिहासिक महत्व अत्यंत गहरा था। शरद ने अपनी आवाज, हाव-भाव, चाल-ढाल और संवाद अदायगी में महाराज की गरिमा और शालीनता को इस तरह आत्मसात किया कि दर्शक अभिभूत हो गए। 7 अक्टूबर 1976 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में जन्मे शरद केलकर ने फिजिकल एजुकेशन में डिग्री और एमबीए के बाद अपने अभिनय करियर की शुरूआत 2004 में की। टेलीविजन से लेकर मराठी और बॉलीवुड फिल्मों तक उन्होंने हर माध्यम में अपनी पहचान बनाई।

### शिवाजी महाराज के किरदार को मिला सम्मान

'तान्हाजी' के निर्देशक और दर्शक दोनों मानते हैं कि शरद केलकर ने इस किरदार को केवल निभाया नहीं, बल्कि उसे जिया। सोशल मीडिया पर फैंस ने उन्हें परफेक्ट शिवाजी तक कहा। शरद के इस समर्पण ने यह साबित कर दिया कि सच्चा कलाकार वह है जो समय की सीमा में भी अमर प्रदर्शन दे सके।



# द इंडिया स्टोरी की शूटिंग हुई पूरी

## काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े आएंगे अहम भूमिकाओं में नजर



काजल अग्रवाल, श्रेयस तलपड़े, मुरली शर्मा, मनीष वाधवा और त्रिशा सारदा जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों से सजी बहुप्रतीक्षित फिल्म द इंडिया स्टोरी की शूटिंग आधिकारिक रूप से पूरी हो चुकी है। चेतन डीके के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म एक गंभीर और समसामयिक विषय को उजागर करती है कीटनाशक कंपनियों से जुड़े घोटालों की अंधेरी और विवादास्पद दुनिया। द इंडिया स्टोरी की कहानी न केवल दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी, बल्कि उन्हें भावनात्मक रूप से भी झकझोर देगी। फिल्म में ऐसे मुद्दों को उठाया गया है, जो आज के समय में देश के किसानों और आम जनता के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे, वहीं मुरली शर्मा और मनीष वाधवा जैसे अनुभवी कलाकार भी फिल्म की कहानी को गहराई देंगे। नए चेहरों में त्रिशा सारदा की उपस्थिति भी उत्सुकता बढ़ा रही है। फिल्म का निर्माण सागर बी. शिंदे और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियो के सहयोग से किया गया है। निर्माताओं का दावा है कि फिल्म एक सशक्त सामाजिक संदेश के साथ मनोरंजन का बेहतरीन संगम होगी। फिल्म की रिलीज की तैयारी जोरों पर है, और दर्शकों को अगले साल सिनेमाघरों में यह दमदार कहानी देखने को मिलेगी।

**कैफ का दावा** अगरकर पर साधा निशाना!

# शुभमन कप्तान बनना नहीं चाहते थे, बीसीसीआई ने दबाव डाला





नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व स्टार खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने एक बड़ा खुलासा किया है। उनका दावा है कि शुभमन गिल खुद वनडे टीम की कप्तानी नहीं चाहते थे, लेकिन बीसीसीआई और चयनकर्ताओं ने उन पर दबाव बनाकर यह जिम्मेदारी थमा दी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब गिल ने रोहित शर्मा की जगह भारत की वनडे टीम की कमान संभाली है और इस फैसले ने क्रिकेट जगत में बहस छेड़ दी है।

कैफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'यह सब तय था, लेकिन मुझे लगा कि यह फैसला 2027 वर्ल्ड कप के बाद होगा। शुभमन में क्वालिटी है, उन्होंने फिटनेस पर काफी काम किया है। वे वर्ल्ड कप 2027 खेलने की वास्तविक संभावना रखते हैं। लेकिन उन पर बहुत जल्दी बहुत कुछ डाल दिया गया है। ऐसा जल्दी-जल्दी सब मिलना नुकसानदायक भी हो सकता है।' कैफ के मुताबिक, गिल पर अचानक कप्तानी का बोझ डालना एक जोखिम भरा कदम हो सकता है क्योंकि इससे उनके प्रदर्शन और आत्मविश्वास दोनों पर असर पड़ सकता है।

### तीन फॉर्मेट में जिम्मेदारी, बढ़ता दबाव

वर्तमान में शुभमन गिल भारत के टेस्ट और वनडे दोनों टीमों के कप्तान हैं और टी20 टीम के उपकप्तान भी हैं। कैफ का मानना है कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी एक युवा खिलाड़ी पर डालना जल्दबाजी है। उन्होंने कहा, 'जब किसी खिलाड़ी पर तीनों फॉर्मेट में इतनी जिम्मेदारी डाल दी जाती है, तो थकान और मानसिक दबाव बढ़ता है। इससे उसका नैचुरल गेम प्रभावित हो सकता है।'

### नई चुनौती को किस प्रकार संभालेंगे गिल?

रोहित शर्मा, जिन्होंने भारत को कई यादगार जीतें दिलाईं, अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में सिर्फ खिलाड़ी के तौर पर शामिल हैं। ऐसे में गिल पर अब न केवल कप्तानी का दबाव है, बल्कि रोहित की विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती भी। गिल भारतीय क्रिकेट के भविष्य माने जाते हैं, लेकिन जिस तरह से उन्हें लगातार जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, वह सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि गिल इस अचानक आई कप्तानी के दबाव को किस तरह संभालते हैं।

### 'खिलाड़ी कप्तानी नहीं मांगता, दबाव बनाया जाता है'

कैफ ने कहा कि शुभमन गिल ने खुद कप्तानी नहीं मांगी, बल्कि चयनकर्ताओं, खासकर अजित अगरकर के दबाव में यह जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, 'मेरी बात यह है कि खिलाड़ी को ज्यादा बोझ मत दो। गिल टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं, नंबर चार पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। एशिया कप में उन्हें उपकप्तान बनाया गया था, अब वनडे में कप्तान बना दिया। सबको पता है कि उसने खुद यह नहीं चाही थी।

### बीसीसीआई का तर्क-2027 वर्ल्ड कप की तैयारी

बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने कहा था कि टीम प्रबंधन चाहता है कि गिल को लंबी अवधि तक कप्तान के रूप में तैयार किया जाए, ताकि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह सेट हो सकें। हालांकि, इस फैसले से रोहित शर्मा को पूरी तरह कप्तानी भूमिका से अलग कर दिया गया है, जबकि वे ऑस्ट्रेलिया सीरीज की टीम में शामिल जरूर हैं।

## सात जिलों के बीच आयोजित होंगे डबल राउंड रॉबिन इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूर्नामेंट

एनएनआई

**आगरा।** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अगले सप्ताह से 15 नवम्बर तक आगरा मण्डल के सात जिलों के मध्य डबल राउंड रॉबिन इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक जिले की टीम छह मैच खेल सकेगी। साथ ही खिलाड़ियों को घरेलू व बाहरी दोनों परिस्थियों में खेलने का अनुभव मिलेगा। यह निर्णय उप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दयालबाग स्थित होटल पूनम प्लाजा में आयोजित बैठक में लिया गया।



जिसमें आगरा, मथुरा, अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद, कासगंज और हाथरस जिलों के महासचिवों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया। कहा कि सभी जिलों के मध्य हुए मैचों के बाद श्रेष्ठ खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिलेगी। अंत में सबी जिलों के सचिवों को उप्र क्रिकेट एसोसिएसन की ओर से अध्यक्ष अनिल विदोलिया व उपाध्यक्ष डीआर गुप्ता द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किए गए। बैठक की अध्यक्षता यूपीसीए के अध्यक्ष अनिल विधोलिया, ने की। उपाध्यक्ष डीआर गुप्ता, सचिव जीडी शर्मा व अन्य पदाधिकारियों में अंकेश वशिष्ठ, ऋषभ शर्मा, सुजीत पचौरी, अखिल दीक्षित, प्रदीप प्रकाश आदि मौजूद थे।

## इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हुए पंत रणजी ट्रॉफी से कर सकते हैं वापसी

**मेडिकल टीम से मंजूरी का इंतजार**



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंत अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते नजर आ सकते हैं। बता दें कि, बाएं हाथ के बल्लेबाज इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हो गए थे। उनके दाएं पैर में चोट आई थी, इसके बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी के लिए उतरे जिससे स्थिति और बिगड़ गई थी। इसी वजह से उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने गए स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया।

### 10 अक्तूबर को मिल सकती है मंजूरी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से जुड़े सूत्र के हवाले से कहा, 'पंत के दाएं पैर की जांच इस हफ्ते बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मेडिकल टीम द्वारा की जाएगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो उन्हें 10 अक्तूबर तक खेलने की मंजूरी मिल सकती है। यह उनके लिए लंबा रिकवरी पीरियड रहा है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहती।'

### पंत ने जताई दिल्ली के लिए रणजी खेलने की इच्छा

इस रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि पंत ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली को सूचित किया है कि वह 25 अक्तूबर से शुरू होने वाले रणजी मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें मेडिकल टीम से फिटनेस क्लियरेंस मिल जाए। डीडीसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'पंत ने अभी तक किसी तारीख की पुष्टि नहीं की है कि वह दिल्ली कैंप से कब जुड़ेंगे। पहले वह सीओई से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। 15 अक्तूबर से शुरू होने वाले पहले रणजी मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल लग रहा है, लेकिन अगर वह उपलब्ध हुए तो टीम की कप्तानी भी करेंगे।' भारत को 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है। पंत 5 नवंबर तक दो रणजी मैच खेल सकते हैं, जिससे उन्हें टेस्ट सीरीज से पहले मैदान पर वापसी का मौका मिलेगा।

## मंगलवार, 07 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के लिए आज मंगलवार का दिन शुभ है, दिन दान-पुण्य के कार्यों में बीतेगा। कार्य क्षेत्र में आज आपके पक्ष में कुछ बदलाव हो सकते हैं। आपका अच्छा व्यवहार सभी को खुश कर देगा, आप लोगों से सहयोग प्राप्त कर पाएंग।

वृषभ राशि के सितारे बताते हैं कि आज आपके परिवार में किसी शुभ काम की चर्चा होगी। संतान के भविष्य को लेकर आज कुछ चिंता हो सकती है। व्यापार और कारोबार को आज नई गति मिलेगी। आपको आज किसी अनुभवी व्यक्ति के सहयोग से लाभ मिलेगा।

मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, कारोबार व्यापार के लिए की गई यात्रा आज सफल रहेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ती नजर आ रही है। छात्रों को शिक्षकों से सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। आज माता के स्वास्थ्य में कुछ नरमी हो सकती है।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। सितारे बताते है कि आपको आर्थिक लाभ मिलेगा। अगर आप कहीं निवेश करना चाहते हैं तो उसके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको आज सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा।

सिंह राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको आज सामाजिक और राजनीतिक काम में लाभ मिलेगा। संतान के प्रति जिम्मेदारी भी आज पूरी होगी। यदि आपके कुछ काम लंबे समय से रुके हुए हैं तो आज उन्हें पूरा करने का दिन है।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि कार्यक्षेत्र में आपको आज कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे। आपको अपने पिता और वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग की जरूरत होगी। आज का दिन दान-पुण्य और सेवा में बीतेगा।

तुला राशि के लिए आज का दिन सफलतादायक रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आप आज सफलता पाएंगे। व्यापार में कमाई के नए स्रोत बनेंगे, जिससे आपकी आर्थिक बहेतर होगी और आप मन ह मन आनंदित होंगे। आज आपकी वाणी कुशलता से भी फायदा उठा सकते हैं।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको नौकरी और व्यवसाय में वाणी पर संयम रखना होगा अन्यथा बनता काम भी बिगड़ सकता है। वैसे आज दिन के दूसरे भाग से स्थिति मे सुधार दिखेगा। बिजनेस में कमाई अच्छी होगी।

धनु राशि के जातको के लिए सितारे बताते हैं कि, आज के दिन पैसों के लेन-देन में आपको सावधानी बरतनी होगी क्योंकि आपका पैसा फंस सकता है। आज घरेलू सामानों पर धन खर्च होने से आपका बजट प्रभावित होगा, अपने खर्च पर कंट्रोल करने का प्रयास करें।

मकर राशि के लिए आज मंगलवार का दिन लाभदायक रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में अनुकूल लाभ और सुख मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। विद्यार्थी प्रतियोगिता की तैयारी में जी-तोड़ मेहनत करते नजर आएंगे। आपको आज अपने काम में भाग्य का भी पूरा सपोर्ट मिलेगा।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपके लिए सुखद और अनुकूल रहेगा। आपको आज धन संपत्ति का लाभ मिलेगा। लेकिन आपको कोई भी कागजी काम करते समय सजग रहना होगा।। घर परिवार का आपको आज पूरा सपोर्ट मिलेगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको आज अपनी बुद्धि और अनुभव का लाभ मिलेगा। आपको आज कोई शुभ सूचना मिलने की खुशी होगी। परिवार का आपको आज पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता पिता से भी स्नेह और आशीर्वाद पाएंगे।



**डॉ. शिल्पा जैन**
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# उत्तर प्रदेश बना शादियों का नया डेस्टिनेशन



- इंडियन वेडिंग कॉन्क्लेव एंड एक्सपो ने सजाया सपनों का संसार
- होटल मुगल में दो दिनी इंडियन वेडिंग कॉन्क्लेव का हुआ समापन
- वैवाहिक उद्योग के विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव और नवाचार

एनएनआई

**आगरा।** वैवाहिक उद्योग की संभावनाओं, परंपराओं और नवाचारों पर केंद्रित दो दिवसीय इंडियन वेडिंग कॉनक्लेव एंड एक्सपो का समापन सोमवार को होटल मुगल में हुआ। यूपी वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में विभिन्न विषयों पर सत्र हुए। इसमें देश के प्रतिष्ठित होटल्स, इवेंट इंडस्ट्री और वेडिंग सेक्टर के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस दौरान वेडिंग मेग पत्रिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ऋतुराज खन्ना द्वारा सहयोगी संस्थाओं का सम्मान किया गया।

अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रावी ने कहाकि यह आयोजन उत्तर प्रदेश को वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने का सशक्त मंच सिद्ध हुआ। दो दिवसीय एक्सपो में 3000 से ज्यादा लोगों ने देखा। विशेष कर उन परिवारों ने जहां आने वाले समय में शादियां हैं। यह आयोजन वेड इन यूपी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। आईटीसी मुगल के महाप्रबंधक संदीपन बोस और सेल्स हेड ज्योति चितकारा ने कहाकि उत्तर प्रदेश के पहले इंडियन वेडिंग कॉन्क्लेव की मेजबानी करना हमारे लिए गौरव की बात रही। लगभग दस राज्यों से आए होटल और वेडिंग सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि आगरा से अच्छा अनुभव लेकर गए।

पहले सत्र का संचालन रजनी देव नैयर ने किया। इसमें जेपी पैलेस होटल के वाइस प्रेसिडेंट हरि सुकुमार, डबल ट्री बाय हिल्टन बेंगलुरु के महाप्रबंधक श्याम कुमार, आईटीसी मुगल के महाप्रबंधक संदीपन बोस, होटल क्लार्क्स शिराज के अमूल्य कक्कड़, होटल ताज आगरा के महाप्रबंधक राजेश चक्रवर्ती, वेलकम होटल बाय आईटीसी प्रयागराज शोभिक कौशिक ने भाग लिया। वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश को तेजी से उभरते हुए वेडिंग डेस्टिनेशन हब के रूप में पहचान दिलाने पर बल दिया।

दूसरे सत्र का संचालन तरुण अग्रवाल ने किया। अनिल गिरधर, गोल्डी भसीन, कुशल, राजेश गोयल और पंकज अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र के स्वाद और उसकी परंपरा पर चर्चा की। राजेश गोयल ने बताया कि दीपावली के बाद गोवर्धन पर्व पर बनने वाली अनुकूल प्रसाद की सब्जी अब वैवाहिक समारोहों में भी विशेष स्थान पा रही है। इस मौके पर संदीप उपाध्याय, सौरभ सिंघल, विमल गोयल, रिचा भदोरिया, सनी गुप्ता, पीयूश सिंघल, निशांत जैन, सीपी चौधरी, यदुराज गोयल, हर्ष सिसोदिया, स्वप्निल कुलश्रेष्ठ, पुनीत अग्रवाल, अनिल सविता, अपरार्क शर्मा, सोनू, सागर तोमर, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई...

## शरद पूर्णिमा पर मीराबाई के पदों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने बांधा समां

- होटल ग्रैंड में आयोजित किया गया मीरा के प्रभु गिरधर नागर कार्यक्रम

एनएनआई

**आगरा।** शरद पूर्णिमा पर साहित्य संगीत संगम, चेतना इंडिया और डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज के संयुक्त तत्वावधान में होटल ग्रैंड में आयोजित मीरा के प्रभु गिरधर नागर कार्यक्रम में संगीतमयी प्रस्तुतियों ने समां बांधा।

मुख्य अतिथि अरुण डंग ने कहाकि भारतीय साहित्य, संगीत और भक्ति का यदि उत्कृष्टतम स्वरूप देखना है, तो हमें मीरा को पढ़ना और सुनना होगा। कुलपति प्रो आशु रानी ने कहाकि यह आयोजन न केवल कवियत्री मीराबाई की अमर भक्ति को समर्पित रहा, बल्कि विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो की सृजनात्मक पहल का भी प्रतीक बना। डॉ. राजेंद्र मिलन ने कहाकि मीरा के पद केवल भक्ति नहीं, बल्कि दर्शन और लालित्य के अद्भुत संगम हैं, जो श्रोता के मन को आत्मीय शांति प्रदान करते हैं। दुर्ग विजय सिंह दीप ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। युवा कलाकारों ने मीराबाई के पदों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

आगरा कॉलेज की संगीत विभागाध्यक्ष प्रो. आंशवना सक्सेना ने मैं तो सांवरे के संग रांची रे, गली तो चारों बंद हुई मैं प्रभु से मिलूं जाए और मैं तो प्रेम दीवानी मेरा दर्द न जाने कोय जैसे पदों को सुभाष सक्सेना के निर्देशन में शास्त्रीय रागों में बांधकर प्रस्तुत किया। सुशील सरित और कु. पूजा तोमर ने मैं तो लियो रे गोविंदा मोल और मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई... प्रस्तुति दीं। हर्षित पाठक ने दरस बिन दूखन लागे नैन और लवेश और प्रियांशु की युगल प्रस्तुति चलो मन वृंदावन की ओर ने भावविभोर किया। वहीं सिमरन, खुशी, ट्विंकल और रौनक ने सामूहिक रूप से दरस बिन तरसत पद प्रस्तुत कर भक्ति रस से सराबोर किया।

राज मैसी ने तबले पर लयकारी से सभी प्रस्तुतियों में ऊर्जा और माधुर्य का रंग भरा। अतिथियों का स्वागत चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. असीम आनंद, हरीश भदौरिया और हरीश अग्रवाल ढपोर शंख ने किया। इस दौरान डॉ. नीलम भटनागर, गायत्री दीप, लक्ष्मीदत्त शर्मा, विजया तिवारी और उमेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

